आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व अर्धवार्षिक परीक्षा (2026-27)
हिंदी

दिनांक ः सितंबर 2025 कक्षाः तृतीय ___
नाम ः__________ रोल नंबरः ___

| | भाग क - पठन कौशल |
|---|---|
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br><br>पक्षी हमारे सच्चे मित्र होते हैं। वे पेड़ों पर रहते हैं और सुंदर घोंसले बनाते हैं। तोता, मैना, कबूतर और गौरैया आमतौर पर हमारे आसपास दिखाई देते हैं। सुबह-सुबह पक्षियों की चहचहाहट सुनकर मन प्रसन्न हो जाता है। वे बीज और अनाज खाते हैं और हमें प्रकृति का महत्व समझाते हैं। कुछ पक्षी लंबी उड़ान भरते हैं और दूर देशों तक चले जाते हैं। हमें पक्षियों की रक्षा करनी चाहिए और गर्मी के दिनों में उनके लिए पानी और दाना रखना चाहिए। |
| | क) पक्षी कहाँ रहते हैं?<br><br>(अ) पानी में (ब) पेड़ों पर (स) गुफाओं में (द) खेतों में |
| | ख) सुबह-सुबह किसकी चहचहाहट सुनकर मन प्रसन्न हो जाता है?<br>(अ) बिल्ली की (ब) शेर की (स) पक्षियों की (द) गाय की |
| | ग) कुछ पक्षी कहाँ तक उड़कर चले जाते हैं?<br><br>(अ) पास के घर तक (ब) दूर देशों तक (स) बाज़ार तक (द) जंगल तक |
| | घ) हमें पक्षियों के लिए क्या करना चाहिए?<br>_______________________________________________<br><br>_______________________________________________ |
| | ङ) गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें।<br><br>पास- ______________ शाम - ______________ |

| | भाग ख - भाषा कौशल |
|---|---|
| प्रश्न 2 | दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करें।<br>(क) हाथी जंगल में धीरे-धीरे चल रहा है।<br>(ख) गंगा भारत की प्रसिद्ध नदी है।<br>(ग) नेहा ने अपनी बहन को फूल दिए।<br>(घ) वह साइकिल चला रहा है।<br>(ङ) वह बाज़ार गया है। |
| प्रश्न 3 | उचित संज्ञा शब्द लिखिए।<br>पशु का नाम ______________ वस्तु का नाम ______________<br>हमारा राष्ट्रीय फूल ______________ हमारा राष्ट्रीय पशु ______________ |
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द लिखें।<br>(क) बतख पानी में ______________ रही है।।<br>(ख) फूल ______________ हैं।<br>(ग) रवि पतंग ______________ रहा है।<br>(घ) रियान मिठाई ______________ रहा है।<br>(ङ) गाड़ी सड़क पर ______________ रही है। |
| प्रश्न 5 | कोई एक संज्ञा व एक क्रिया शब्द लिखें व उनके चित्र भी बनाएँ। |

| | |
|---|---|
| प्रश्न 6 | दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें।<br>(क) देश -________________<br>(ख) हलका - ________________<br>(ग) कायर - ________________<br>(घ) अंदर - ________________<br>(ङ) नया - ________________ |
| प्रश्न 7 | कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।<br>(क) मेरी ________________ में कुछ चला गया। (नेत्र)<br>(ख) हमारे घर के पास एक सुंदर ________________ है। (उद्यान)<br>(ग) पूजा के लिए सुंदर ________________ लाए गए। (पुष्प)<br>(घ) रात के आकाश में ________________चमक रहा है। (चाँद) |
| | भाग ग - साहित्य कौशल |
| प्रश्न 8 | शब्दार्थ लिखें।<br>विद्वान - ________________ जीव - ________________ |
| प्रश्न 9 | रिक्त स्थान भरें।<br>(क) कनखजूरे के ____________ से लेकर ____________ पैर तक हो सकते हैं।<br>(ख) वह व्यक्ति राजमहल के ________________के प्रकाश को देखते हुए पूरी रात पानी में खड़ा रहा। |
| प्रश्न 10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।<br>(क) चींटी की दो विशेषताएँ बताइए।<br>________________________________________________<br>________________________________________________<br>________________________________________________ |

| | |
|---|---|
| | (ख) चतुष्पाद जीव किन्हें कहते हैं? कोई दो नाम भी लिखें। |
| | (ग) बीरबल किसलिए प्रसिद्ध थे? |
| **प्रश्न 11** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखें।<br>(क) बादशाह ने अगले दिन उस व्यक्ति को इनाम देने से मना क्यों कर दिया ?<br>(ख) कंगारू के बारे में आप क्या जानते हैं? |

| | |
|---|---|
| | ________________________________________<br><br>(ग) चींटी कविता के कवि कौन हैं? चींटी से हमें क्या-क्या सीखने को मिलता है?<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________ |
| | भाग घ - लेखन कौशल |
| प्रश्न **12** | दिए गए चित्र का वर्णन अनुच्छेद रूप में करते हुए **6** से **8** पंक्तियाँ लिखें। <br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________ |